प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 26.01.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राष्ट्र आज हर्षोल्लास के साथ मना रहा है 77वां गणतंत्र दिवस : नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित समारोह में दिखा भारत की सांस्कृतिक विविधता और सैन्य शक्ति का अनूठा संगम।
2. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन और लखनऊ के निवासी शुभांश, शुक्ला को देश के सर्वोच्च सम्मान अशोक चक्र से किया सम्मानित।
3. प्रदेश भर में गणतंत्र दिवस की धूम : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ में विधान भवन के समक्ष तिरंगा फहरा कर परेड की ली सलामी।
4. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गणतंत्र दिवस पर प्रदेशवासियों को दी बधाई : उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवा के लिये 35 पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित। और
5. लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला में पहली थ्री डी फुल डोम फिल्म द मून मिशन इंडियाज जर्नी टू द मून हुई लॉंच।

———————————

राष्ट्र आज 77वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली के कर्तव्य पथ से गणतंत्र दिवस समारोह का नेतृत्व किया। इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

ने राष्ट्रीय समर स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि यूरोपीय संघ के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला फॉन डेर लायन के साथ बग्घो में बैठकर कर्तव्य पथ पहुंचीं। राष्ट्रपति के राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद राष्ट्रगान हुआ और 21 तोपों की सलामी दी गई।

हमारे संवाददाता ने बताया है कि कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड में भारत की सांस्कृतिक विविधता और सन्य शक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला।......

*आज कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और सशक्ता सैन्य शक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। इस वर्ष परेड की थीम स्वतंत्रता का मंत्र दृ वंदे मातरम् और समृद्धि का मंत्र दृ आत्मनिर्भर भारत थी। परेड के दौरान विभिन्न राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र सरकार के मंत्रालयों और विभागों की तीस झांकियां प्रदर्शित की गईं। इन झांकियों के माध्यशम से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के एक सौ पचास वर्षों की यात्रा के साथदृसाथ आत्मनिर्भरता के बल पर भी देश की तेज़ प्रगति को दर्शाया गया।*

*ब्रह्मोस और आकाश मिसाइल प्रणालियों, गहरी मारक क्षमता वाली रॉकेट प्रणाली 'सूर्यास्त्र' और मुख्य युद्धक टैंक अर्जुन भी परेड में प्रदर्शित किए गए।*

*इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मु ने भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को देश के सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार, अशोक चक्र से सम्मानित किया।*

*प्रियां मंडल के साथ अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

विश्व भर में भी भारतीय समुदाय के लोगों ने भारतीय दूतावासों में 77वां गणतंत्र दिवस उत्साहपूर्वक मनाया।

———————————

एक्सिओम–4 मिशन के तहत अतंर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाकर इतिहास रचने वाले भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन और लखनऊ के रहने वाले शुभांशु शुक्ला को आज गणतंत्र दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्रापदी मुर्मू द्वारा नई दिल्ली में भारत के सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार अशोक चक्र से सम्मानित किये जाने के बाद उनके परिजन बहुत खुश है। शुभांशु की बहन शुची मिश्रा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि शुभांशु को कड़ी मेहनत के बाद यह सम्मान मिला है। बाइट.......

*बहुत गौरव की बात, उन्होंने इतनी मेहनत करी है और उनको रिकॉग्निशन मिल रहा है क्योंकि इतनी बड़ी पॉपुलेशन में वह अकेले हैं जिन्होंने हमारे भारत के नाम को इतना ऊंचाई पर ले गए हैं, अंतरिक्ष में गए और उन्होंने वहां पर भारत का झंडा लहराया और मैं तो यही विश करूंगी कि वह आगे ही और ऐसे ही बढ़ते रहे और हमारे देश का नाम ऊंचा करे।*

———————————

प्रदेश में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह राजधानी लखनऊ में विधान भवन के समक्ष आयोजित किया गया, जहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। इस दौरान मुख्यमंत्र योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सहित

शासन के अधिकारी मौजूद रहे। राज्यपाल द्वारा ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान हुआ। गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान सेना की टुकड़ियों, उत्तर प्रदेश पुलिस होमगार्ड और पीएसी के जवानों ने राज्यपाल को सलामी दी। स्कूली बच्चों ने रंग बिरंगी पोशाकों के साथ कदम ताल मिलाते हुए मार्चपास्ट किया। वहीं विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश की संकल्पना पर आधारित आकर्षक झांकियों एवं विभिन्न राज्यों से आये कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन को गौरवपूर्ण और अविस्मरणीय बना दिया। इस दौरान परेड देखने के लिये बड़ी संख्या में सड़क के दोनों ओर लोग मौजूद रहे।

————————

गणतंत्र दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में अपने सरकारी आवास में तिरंगा फहराया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए राष्ट्र के सभी नायकों को याद करते हुए उनके योगदान को नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र नायकों का ध्येय राष्ट्र प्रथम की भावना देश के संकल्पों को आगे बढ़ाने में मददगार है। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन 1950 में भारत का संविधान लागू हुआ था। उन्होंने कहा कि 76 वर्षों की इस यात्रा में अनेक उतार चढ़ाव हमारे संविधान ने देखे हैं। इस सबके बावजूद एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्पों के अनुरूप प्रत्येक भारतवासी के गौरव

और अखंडता के लक्ष्य को बढ़ाते हुए एक नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। बाइट......

*आज ही के दिन 1950 में भारत का संविधान लागू हुआ था। 76 वर्ष की इस यात्रा में अनेक उतार–चढ़ाव हमारे इस संविधान ने देखे हैं लेकिन इस सब के बावजूद एक भारत श्रेष्ठ भारत के अपने संकल्पों के अनुरूप उत्तर से दक्षिण तक, पूरब से पश्चिम तक प्रत्येक भारतवासी के गौरव भारत की एकात्मता और अखंडता के लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए आज हम सब एक नए भारत का दर्शन कर रहे हैं, इसमें में हमारे संविधान की एक महत्वपूर्ण भूमिका है।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गणतंत्र दिवस के अवसर आज 35 पुलिसकर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्यो एवं सराहनीय सेवा के लिये सम्मानित किया। इनमें 10 पुलिसकर्मियों को मुख्यमंत्री वीरता पदक और 25 पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवा के लिए मुख्यमंत्री प्रशस्ति पत्र तथा 25 हजार रुपये की एकमुश्त नकद राशि दी गई।

———————————

मुख्यमंत्रो ने विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश अभियान के अन्तर्गत राज्यस्तरीय कलाकार सम्मान समारोह में विभिन्न राज्यों एवं प्रदेश के अलग–अलग जनपदों से आये कलाकारों से संवाद किया और कला संस्कृति एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिये उन्हें सम्मानित भी किया।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

गणतंत्र दिवस के मौके पर भाजपा के राज्य मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने तिरंगा फहराया। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार संविधान की मूल भावना के अनुरूप काम कर रही है। बाइट......

*मैं पूरे उत्तर प्रदेश के लोगों को और पूरे देश के लोगों के लिए बहुत–बहुत शुभकामनाएं देता हूं। क्योंकि आज के दिन ही हमारे संविधान का 1950 में निर्माण हुआ था और जिस प्रकार से संविधान का पालन करते हुए हमारा देश और प्रदेश दोनों आगे बढ़ रहा है। भविष्य में और मजबूती से हम आगे बढ़ेंगे।*

——————————

प्रदेश के सभी जनपदों में भी गणतंत्र दिवस समारोह की धूम रही। सभी सरकारी कार्यालयों और शैक्षिक संस्थानों में ध्वजारोहण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम

आयोजित किये गये। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज पुलिस लाइन में तिरंगा फहराया। इस अवसर पर उन्होंने अभी हाल में दुर्घटनाग्रस्त हुए भारतीय वायुसेना के विमान के पायलटों को सुरक्षित बचाने वाले तीन जाबांज नागरिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

आगरा में पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबीरानी मौर्य ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने सराहनीय सेवाओं के लिये पुलिस कर्मियों को सम्मानित भी किया। चंदौली में गणतंत्र दिवस समारोह में श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर शामिल हुए। मऊ में नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने और अध्योध्या में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। बरेली में आयोजित कार्यक्रम मे कैबिनेट मंत्री धर्मपाल ने लोगों को संविधान की शपथ दिलाई और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और अमर शहीदों को नमन किया।

---

प्रदेश के विज्ञान एवं प्राद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव पनधारी यादव ने आज लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी नक्षत्र शाला में देश की पहली थ्री डी फुल स्टीरियो डोम फिल्म 'द मून मिशन इंडियाज जर्नी टू द मून' को लॉच किया गया। इस अवसर पर पनधारी यादव ने कहा कि यह

फिल्म देश की अंतरिक्ष उपलब्धियों पर आधारित एक महत्वपूर्ण प्रस्तुति है। यह फिल्म विद्यार्थियों और विज्ञान में रूचि रखने वाले नागरिकों के लिये प्रेरणादायक सिद्ध होगी।

———————————

लखनऊ से मुंबई जाने वाली ट्रेन पुष्पक एक्सप्रेस का आज से संचालन स्थल बदल दिया गया है। ट्रेन अब लखनऊ जंक्शन के स्थान पर गोमतीनगर स्टेशन से रवाना होगी। इसके साथ ही ट्रेन गोमती नगर के बाद बादशाह नगर और ऐशबाग स्टेशन पर भी रुकेगी।

(समाप्त)